जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-33 जयपुर, सोमवार, 1 सितम्बर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## अंशुल डेयरी के दूध कलेक्शन सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ



**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम पंचायत मोरीजा, भोजलावा, तिलवाडीया की ढाणी स्थित अंशुल डेयरी प्रोडक्ट की अपार सफलता के बाद गणेश चतुर्थी के अबूझ मुहूर्त पर उगंता दूध कलेक्शन सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। अंशुल डेयरी डायरेक्टर कैलाश चंद सैनी ने सभी आगंतुकों का माल्यार्पण और साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया।

डायरेक्टर सैनी ने बताया कि करीब 2 साल पहले अंशुल डेयरी प्रोडक्ट का शुभारंभ किया गया था। जिसमें दूध, छाछ, दही उपलब्ध हैं। किसान भाईयों की भारी मांग के कारण आज उगंता दूध कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ कर दिया गया है। किसान भाईयों का दूध उचित रेट पर लिया जाएगा। सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसा लाभ भी डेयरी द्वारा दिया जाएगा। हमारे यहाँ ग्राहक हित ही सर्वोपरि है।

कलेक्शन सेंटर संचालक उगंता देवी ने बताया कि किसान भाईयों को उनके दूध का उचित दाम हमारे कलेक्शन सेंटर पर मिलेगा।सभी सिस्टम कंप्यूटराइज्ड हैं। फेट की कोई भी हेरा फेरी नहीं होगी।

शुभारंभ के दौरान पूर्व सरपंच कल्याण सहाय पापटवाण, गेंदीलाल जादम, केसर बिश्नालिया, बाबूलाल पंवार, घासी तिलवाड़िया, कैलाश तंवर, हीरालाल जादम, पंडित बाबूलाल शर्मा, जगदीश सिंगोदिया, श्रवण सैनी, सुरेश सैनी, विकास सैनी, हेमराज सैनी, शंकर लाल सैनी,बाबूलाल तिलवाड़िया, मुकेश पापटवाण सहित कई लोग मौजूद रहे।



## जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने वाहन चालक को सेवानिवृत्त होने पर दी बधाई

**जालोर (हमारा वतन)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में एक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह में आबिद शाह वाहन चालक सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुये। उनका कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा है। आबिद शाह ने पूरे लग्न व ईमानदारी से कार्य किया है।

इस अवसर पर आबिद शाह वाहन चालक को सेवानिवृत्त होने पर राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ(लोकतांत्रिक) जिला जालोर के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने फूल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाटूश्यामजी में एमबी होटल तोरण द्वार का हुआ शुभारंभ




**खाटूश्यामजी (हमारा वतन)।** खाटू श्याम जी में एमबी ग्रुप के होटल तोरण द्वार के शुभारंभ के अवसर पर संत प्रकाश दास महाराज ने गुरु बिना ज्ञान मिले कोनी,बंजारी ए हंस हंस बोल सहित बालाजी महाराज और श्याम बाबा के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

एमबी ग्रुप के निदेशक मदन लाल शर्मा ने बताया कि एमबी स्वीट्स और होटल में कम कीमत में शुद्ध मिठाई और व्यंजन मिलेंगे। यहां श्याम भक्तों को कम कीमत में शुद्ध और सही प्रसाद मिलेगा। इस दौरान सागरपुरी महाराज,पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ,श्रीश्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान मौजूद रहे। एमबी ग्रुप के निदेशक मदनलाल व सुरेश कुमार बागड़ा ने संत जनों और अतिथियों का तिलक और माला पहनाकर स्वागत और आभार व्यक्त किया।

## चौमूं में ऋषि पंचमी पर 11 जोड़ों ने किया हवन



**चौमूं (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के तत्वावधान में नया बाजार स्थित ज्यानराज जी मंदिर परिसर में ऋषि पंचमी महोत्सव एवं नवकुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुर आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य गौरीशंकर इंदौरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने की।

जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि आचार्य पंडित कैप्टन श्रीराम शर्मा एवं उपाचार्य पंडित मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में विद्वानों की टीम द्वारा 11 जोड़ों ने हवन कुंडों पर बैठकर हवन किया और ऋषियों की पूजा-अर्चना संपन्न की। इस अवसर पर पंडित अरुण कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं को ऋषि पंचमी की कथा सुनाई।

कार्यक्रम में जिला संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक रेवड़का, जिला प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, चौमूं तहसील अध्यक्ष डॉ. रामप्रकाश शर्मा, जिला मंत्री ओमप्रकाश रीडर, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायणलाल शर्मा, हरिओम शर्मा, सुशील शर्मा, गोपाल शर्मा, नगेंद्र शर्मा, काशीनाथ शर्मा, पुजारी जितेंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सर्व समाज जाग्रति संघ ने तुलसी पौधों का वितरण कर किया संकल्प पूरा



**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व समाज जाग्रति संघ के तत्वावधान में महीने की हर 25 तारीख को तुलसी दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में ग्राम मोरीजा स्थित करणी वाटिका में चल रही श्री राम कथा के दौरान कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री के सानिध्य में महिलाओं को 121 तुलसी के पौधे गमले सहित वितरण किए गए।संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि पिछले साल 25 दिसंबर को विशाल शोभायात्रा के दौरान संकल्प लिया था कि महीने की हर 25 तारीख को संघ द्वारा अलग-अलग स्थानों पर तुलसी शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

आज भारी बारिश की चेतावनी के कारण महिलाओं को तुलसी के पौधे गमले सहित वितरित किए गए। सभी से आग्रह किया कि 25 दिसंबर को क्रिसमस डे नहीं मनाकर तुलसी दिवस मनाएँ। साथ ही केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने की मांग भी की।

## बाबा श्याम के दर्शनों पर रहेगी रोक, जानें कब तक बंद रहेंगे मंदिर के पट

**सीकर (हमारा वतन)।** खाटूश्यामजी के भक्तों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। अगर आप भी दर्शन करने के लिए जाने का प्लान बना रहे है। तो ये खबर आपके लिए जरूरी है। बाबा श्याम के आम दर्शनों पर रोक रहेगी। 6 सितंबर की रात 10 बजे से 8 सितंबर की शाम 5 तक दर्शनों पर रोक रहेगी।



श्री श्याम मंदिर कमेटी ने विशेष सूचना जारी की है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 7 सितंबर को चंद्रग्रहण, 8 सितंबर को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार है। इसके चलते खाटूश्यामजी मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने भक्तों से की अपील की है कि भक्त इस समयावधि के बाद ही दर्शन के लिए पधारें।

# समर्पण संस्था द्वारा समर्पण समाज गौरव 2025 अवार्ड के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**जयपुर (हमारा वतन)।** गत 16 वर्षों से राजस्थान में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही समर्पण संस्था द्वारा समाज व राष्ट्र हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से ''समर्पण समाज गौरव 2025'' अवार्ड हेतु राष्ट्र स्तर पर केवल हार्ड कॉपी में निर्धारित नामांकन फ़ॉर्म के साथ प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है।

संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने बताया कि यह अनिवार्य है कि सभी नामांकन कर्ता 10 वर्षों से अधिक समय से अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहें हैं। रजिस्टर्ड संस्था के लिए भी न्यूनतम 10 वर्ष का सेवा कार्य होना आवश्यक है।




आवेदन केवल कोरियर/ डाक/ व्यक्तिगत उपस्थिति द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। डाक का पता- 192/38, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर , जयपुर, राजस्थान 302033 है। संस्था द्वारा इसके लिए भव्य अवार्ड समारोह रविवार, 09 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

''समर्पण समाज गौरव 2025 '' अवार्ड के तहत समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, साहित्य, शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिज़नेस, योग, दान व क्रियेट कन्टेन्टर आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 16 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। चयनित सभी अवार्डीज की संस्था द्वारा डॉक्युमेंट्री बनाई जायेगी जिसे सम्मान करते समय एलईडी पर दिखाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व गत वर्षों में 496 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

# आरजीएचएस में लाभार्थियों के हित में किए जाएंगे जरूरी बदलाव

RGHS
Rajasthan Government
Health Scheme

**जयपुर (हमारा वतन)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य सरकार राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के सुचारू संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। रोगियों को योजना का लाभ लेने में किसी तरह की बाधा नहीं आए, इस दिशा में हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना में जरूरी बदलाव कर इसे बेहतर बनाया जाए, ताकि लाभार्थियों को सुगमता से उपचार मिले। इसके लिए फुल प्रूफ सिस्टम विकसित किया जा रहा है।विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि गुरूवार को भी प्रदेश के ज्यादातर निजी अस्पतालों में आरजीएचएस योजना के तहत सुचारू रूप से उपचार मिला। उन्होंने बताया कि करीब 350 अस्पतालों में ओपीडी, डे केयर एवं आईपीडी में रोगियों ने उपचार प्राप्त किया। प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध सभी अस्पतालों में आरजीएचएस योजना के तहत उपचार मिल रहा है। राठौड़ ने कहा कि निजी अस्पतालों के साथ-साथ राजकीय चिकित्सा संस्थानों में भी योजना के तहत उपचार के लिए सभी माकूल इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि जहां भी निजी अस्पतालों में उपचार बंद हों, वहां राजकीय चिकित्सा संस्थानों में रोगी सुगमता से उपचार प्राप्त कर सकें। विगत 4 दिवस में करीब 38 हजार रोगियों ने आरजीएचएस योजना के तहत उपचार प्राप्त किया है। राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि जिन अस्पतालों ने उपचार बंद कर रखा है, उनके प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद जारी है। हमारा प्रयास है कि सभी अस्पताल योजना के तहत सेवाएं उपलब्ध करवाएं। निजी अस्पतालों व सभी हितधारकों से चर्चा कर योजना में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। गड़बड़ी पर अंकुश लगाकर योजना का निर्बाध संचालन विभाग की प्राथमिकता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिला अहीर यादव फाउंडेशन का प्रतिनिधि मंडल

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अहीर यादव फाउंडेशन का प्रतिनिधि मंडल मिला है। प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री से कहा कि कांग्रेस सरकार में श्री कृष्ण बोर्ड का गठन होने पर भी आज तक सरकारी कागजों में नही जुड़ा है।



अहीर यादव फाउंडेशन के संस्थापक तेजराज यादव शाहपुरा व राष्ट्रीय संयोजक गिर्राज यादव ने बताया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यादव समाज के लिए श्री कृष्ण बोर्ड का गठन हुआ था। उसी को लेकर अहीर यादव फाउंडेशन प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर जाकर मिला, उन्हें बताया कि सरकार को पत्र लिखकर यादव समाज को श्री कृष्ण बोर्ड समिति बनाकर यादव समाज को लाभान्वित किया जाए।

तेजराज यादव शाहपुरा ने कहा कि अगर हमारा हक श्री कृष्ण बोर्ड का गठन राजस्थान सरकार ने नहीं किया तो समस्त यादव समाज भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करके मुख्यमंत्री आवास पर कूच करेगा। इस दौरान देवीलाल यादव, सूरज यादव, विकास यादव शाहपुरा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्पिक मैके द्वारा जयपुर में ओडिसा लोक नृत्य गोटीपुआ की दी प्रस्तुति

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर स्पिक मैके की ओर से जयपुर विभिन्न कलाओं के सर्किट आयोजित किए जाते रहे हैं। इन्हीं कलाओं के अंतर्गत ओडिसा लोक नृत्य कला 'गोटीपुआ' का जयपुर में कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस एक दिवसीय सर्किट के कार्यक्रम को गौतम महापात्रा एवं समूह ने प्रस्तुत किया जिसमें 7 बाल कलाकारों ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया। 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बाल कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियाँ दीं।



स्पिक मैके नार्थ राजस्थान सह सचिव डॉ मृणाली कांकर ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'गोटीपुआ' की मनमोहक प्रस्तुति पूर्णिमा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग और विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (VGU) में प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने पूर्णिमा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग में जागरण नृत्य से और गुरु ब्रह्मा श्लोक से की। इसके अलावा उन्होंने विनायक वंदना, कल्याण पल्लवी, वंदे मातरम् पर अभिनय एवं बंध नृत्य की प्रस्तुति दी। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (VGU) में उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत जागरण नृत्य- पंचवेद स्तुति से की। उसके बाद उन्होंने 'अहें नील शैला' गीत, बतु, अभिनय- 'झूलंती', पल्लवी- बसंत, अभिनय- 'आमे ओडिया', वंदे मातरम् एवं बंध नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

स्पिक मैके नार्थ राजस्थान की कोऑर्डिनेटर रचना असोपा एवं सह सचिव डॉ. मृणाली कांकर ने इस सर्किट का आयोजन कर सभी तक भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला संस्कृति एवं नृत्य शैली को पहुचाने की कोशिश की है।

# टैरिफ टैरिफ टैरिफ (कविता)

टैरिफ ने सिखा दी एकता रणनीति कूटनीति की परिभाषा
विश्व पर छा गई पुनःभारतीय विदेश नीति की अभिलाषा,
आपदा को अवसर बना प्रतिभा संवर उठी है नव भारत में
पूंजीवाद को जनतंत्र वाद में बदल ही डाला नवभारत ने
विश्व गुरु बन तानाशाही का अंत कर दिया है नवभारत ने
एक तानाशाह के गुरूर को ध्वस्त कर डाला है नवभारत ने
आत्मविश्वास कर्मठता दृढ़ इच्छाशक्ति की ही विजय होगी
स्वदेशी क्रांति से भारत नवनिर्माण की पुनःजय जय होगी
भारत के जन जन की एकता से ही अब विश्व विजय होगी
पहले देशों को आपस में लड़ाओ तब नोबल का भोंपू बजाओ
कोई साथ नहीं मिले तो फिर तानाशाही से टैरिफ लगाओ
ईस्ट इंडिया कंपनी व उपनिवेशवाद के दिन लद गए जग से
अंग्रेजों जरा समझो कुछ नहीं होगा टैरिफ जैसे षड्यंत्रों से
अभी तो नवभारत ने जीडीपी की झलक भर दिखलाई है
विश्व अग्रज बनने की भारतीयों ने झांकी तो अब सजायी है
शायद लोकतंत्र के तानाशाहों की शामत जो अब आयी है
भारत के रणनीतिज्ञो ने विश्वविजय की दुंदुभी जो बजाई है
एकबार पुनः भारत ने विश्व एकता की ध्वजा जो उठाई है
फिर नवभारत ने वसुदेव कुटुंबकम् की सुंदर धुन बजाई है



राजेन्द्र आचार्य राजन,
भवानीमंडी






# करतार सिंह जाखड़ ने विद्यार्थियों को भेंट किए निःशुल्क परिधान

**नीमकाथाना (हमारा वतन)।** नृसिंहपुरी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झांकड़ा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के साठ नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के चेहरों पर उस समय अनुपम उल्लास छा गया, जब भामाशाह रजिस्ट्रार करतार सिंह जाखड़ ने सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक निःशुल्क टी-शर्ट एवं टाउजर भेंट किए।



प्रधानाध्यापिका ममता जाट ने बताया कि बच्चे ही भारत का भविष्य है। नवपरिधान धारण करते ही बच्चों की आँखों में आत्मविश्वास और आनंद की चमक तैर उठी। विद्यालय परिसर तालियों और मुस्कानों से गूंज उठा। शिक्षकों ने इस पहल को सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बालकों के मनोबल को ऊँचाइयों प्रदान करते हैं और शिक्षा के प्रति उनमें नवीन ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी करतार सिंह जाखड़ ने कहा कि 'बच्चे ही राष्ट्र का वास्तविक भविष्य हैं। यदि उन्हें बचपन से ही प्रोत्साहन और सहयोग मिले तो वे निश्चित ही ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे। मेरा छोटा-सा योगदान उनके चेहरे पर मुस्कान और पढ़ाई के प्रति उत्साह लाए, यही मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।' अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने करतार सिंह जाखड़ के इस सार्थक एवं प्रेरणादायक योगदान का हृदय से स्वागत किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुगनाराम सैनी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की पहलें शिक्षा और बाल कल्याण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला सिद्ध होती हैं।

# वो झूठ बोलता है

वो झूठ बोलता है बड़े सलीके से।
कुछ खट्टे, कुछ मीठे,कुछ तीखे से।।
शब्द के बादल शब्द की बरसात।
दिन - दोपहर और पूरी - पूरी रात।
हम अहर्निश खडे रहते भीगे
भीगे से।
वो झूठ बोलता है बड़े सलीके से।
कुछ खट्टे, कुछ मीठे,कुछ तीखे से ।।
दिवा स्वप्नि है दिन में तारे दिखाता है
एक नहीं सारे के सारे दिखाता है।
हकीकत जान के रहते हैं हम खीझे से
वो झूठ बोलता है बड़े सलीके से।
कुछ खट्टे, कुछ मीठे,कुछ तीखे से।
पलट कर देखता है कौन कोई
आहिस्ते से कह गया है मौन कोई
आती कहाँ है फरेबी सीखे से
वो झूठ बोलता है बड़े सलीके से।
कुछ खट्टे, कुछ मीठे,कुछ तीखे से।



सिद्धार्थ
गोरखपुरी

## जॉब्स

1. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर, पद संख्या 1015, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद स्कूल लेक्चरर, पद संख्या 3225, अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025
4. यूपी पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 4543, अंतिम तिथि 11 सितंबर 2025
5. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) पद हेड कांस्टेबल रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक, पद संख्या 1121, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीचर सेकंड ग्रेड, पद संख्या 6500, अंतिम तिथि 17 सितंबर 2025
7. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफिसर, पद संख्या 12, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2025
8. भारतीय जीवन बीमा निगम, पद अस्सिटेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, पद संख्या 841, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025

# पॉजिटिव पेरेंटिंग जो बच्चों को मजबूत और कॉन्फिडेंट बनाती है

बच्चों की ग्रोथ और उनकी सफलता के लिए उन्हें माता पिता का समय और मोरल सपोर्ट दोनों की ही आवश्यकता होती है। जानते हैं पॉजिटिव पेरेंटिंग क्या है और इसके लिए किन बातों का ख्याल रखेंदिनभर के चिड़चिड़ेपन और तनाव के कारण अक्सर पेरेंटस बच्चों के साथ समय व्यतीत करना भूल जाते हैं। आधुनिक जीवनशैली के चलते वे बच्चों को पूरा समय नहीं दे पाते हैं। इसका असर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर दिखने लगता है। इसके बावजूद वे बच्चों से हर पायदान पर सफल होने की उम्मीद भी रखते है। इसके चलते बच्चे प्रेशर का शिकार हो जाते हैं और माता पिता से दूर होने लगते है। बच्चों की ग्रोथ और उनकी सफलता के लिए उन्हें माता पिता का समय और मोरल सपोर्ट दोनों की ही आवश्यकता होती है। बच्चों की सफलता के लिए पॉजिटिव पेरेंटिंग बेहद ज़रूरी है। जानते हैं पॉजिटिव पेरेंटिंग क्या है और इसके लिए किन बातों का ख्याल रखें।



**पॉजिटिव पेरेंटिंग किसे कहते हैं**-सेंटर फॉर डिज़ीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार बच्चों की भावनात्मक ज़रूरतों को समझकर उनके मन में उठने वाले नकारात्मक विचारों का मूल्यांकन कर उसे सही दिशा प्रदान करना पॉजिटिव पेरेंटिंग कहलाता है। बच्चों के प्रति उदारता और सहनशीलता दिखाकर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करना पॉजिटिव पेरेंटिंग का संकेत है। इससे बच्चे न केवल पेरेंटस के नज़दीक आने लगते हैं बल्कि अपने व्यक्तित्व को भी मज़बूत बनाते हैं। इस बारे में बातचीत करते हुए डॉ आरती आनंद बताती हैं कि बच्चे के स्वभाव में दिनों दिन बढ़ रही कटुता के बावजूद बच्चों के प्रति प्रेम दर्शा कर उन्हें नैतिक मूल्यों की जानकारी देना पॉजिटिव पेरेंटिंग कहलाता है। ऐसे माता पिता बच्चों की कमियां निकालने की जगह उनको हर कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं। हेल्दी एनवायरमेंट मिलने से बच्चा पेरेंटस के करीब आने लगता है और उसमें कॉन्फीडेंस बिल्ड हो जाता है।



**1. रियलिस्टिक एक्सपेक्टेंशन** – बच्चों के साथ समय बिताएं और उनसे रियलिस्टिक एक्सपेक्टेंशन रखें, जिन्हें वो पूरा कर पाएं। बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें न लगाएं। उन्हें अपना व्यक्तित्व खुद बनाने दें और उनके मन की बात को जानना भी बेहद ज़रूरी है। इससे बच्चे पूरी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने में सफल होते हैं। साथ ही दूसरे बच्चों से उनकी तुलना करना छोड़ दें।

**2. एप्रीशिएट करें** –अगर आप बच्चों की छोटी छोटी गलतियां नोटिस करते हैं, तो उनके प्रयासों की सराहना भी अवश्य करें। इससे मनोबल बढ़ने लगता है और वो बढ़चढ़कर हर गतिविधि में हिस्सा लेने लगते हैं। उन्हें मोटिवेट करें, ताकि वे किसी भी कार्य को करने से न कतराएं। इससे बच्चे में आत्मविश्वास की भावना बढ़ने लगती है।

**3. हर फैसले में बच्चों की राय को भी शामिल करें** –छोटा समझकर बच्चों को साइन लाइन कर देने से उनमे आत्मविश्वास की कमी रह जाती है और वे हर वक्त पीछे ही रहते हैं। उन्हें आगे लेकर आने के लिए हर चीज़ में उनकी मर्जी को शामिल करें और उन्हें परिवार का ज़रूरी हिस्सा होने का भी एहसास दिलाएं। इससे बच्चा हर क्षेत्र में सफल साबित होता है।

**4. उदाहरण देकर अपनी बात समझाएं** –रोजमर्रा के जीवन में होने वाली छोटी छोटी गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालती है। इससे बच्चो में नाराज़गी और चिड़चिडापन बढ़ने लगता है। ऐसे में बच्चों को किसी भी बात को मानने के लिए बाध्य करने से पहले उदाहरण देकर उस समस्या से बच्चों को सचेत करें, ताकि वे उस बात को समझकर जीवन में उसे अपनाएं।

**5. इंडिपेंडेट बनाए**- बच्चों कों उनके कार्यों को करने में हर बार मदद न करें। उन्हें अपने अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों की भी जानकारी दें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन पाएं। उन्हें उनके हर सामान की जानकारी दें। इससे वे अपनी चीजों की हिफाज़त उचित प्राकर से कर पाएंगे और उसे आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करेंगे।

# बॉलीवुड चटकारा





## शमिता शेट्टी बोलीं, मुझे बिग बॉस करने से पहले पता था कि मेकर्स मुझे...



शमिता शेट्टी ने कहा कि रिएलिटी शोज में उन्हें बार-बार यही सुनना पड़ा कि अच्छे और फेमस परिवार से होने के कारण वह कभी नहीं जीत पाएंगी, लेकिन फिर भी उन्होंने शोज किए और लोगों का दिल जीता। शमिता शेट्टी अक्सर अपनी जिंदगी और करियर को लेकर बेबाक अंदाज में बोलती रही हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में भी उन्होंने खुलकर बात की। उन्होंने रियलिटी शोज के दौरान मिले अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह उनकी फैमिली बैकग्राउंड को उनके खिलाफ इस्तेमाल किया गया। शमिता ने कहा कि चाहे 'झलक दिखला जा' हो या 'बिग बॉस*', उन्हें कई बार सिर्फ इसलिए नजरअंदाज किया गया क्योंकि वो एक अच्छे घराने से आती हैं। **'मुझे पहले ही रिजल्ट पता था'**-शमिता शेट्टी ने याद करते हुए पिंकविला को बताया, जब मुझे 'झलक दिखला जा' ऑफर हुआ था, तो शो देने वाले ने साफ कहा था कि तुम ये शो जीत नहीं पाओगी, क्योंकि तुम एक अच्छे परिवार से आती हो। मैंने जवाब दिया कि ठीक है, पर मुझे कोशिश करने दो। फिर मैंने उनसे भारी-भरकम फीस ली। मैंने शो में अपना 100% दिया। दिन में 10-12 घंटे डांस किया, कई चोटें झेलीं, यहां तक कि मेरी नाक भी टूट गई थी। लेकिन आखिर में नतीजे ने मुझे तोड़ दिया। **'मैं शेट्टी परिवार से हूं'**-उन्होंने आगे कहा, मुझे पता है कि मैं वह इमोशनल स्टोरी नहीं दे सकती, जिसकी तलाश मेकर्स को होती है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि मैंने मेहनत नहीं की।



## मंदिर के तलाब में पैर धोने पर बढ़ा विवाद तो बिग बॉस मलयालम फेम जैस्मिन ने मांगी माफी, शुद्धीकरण...



***गुरुवायुर श्रीकृष्ण मंदिर की रील पर विवाद होने के बाद मलयालम बिग बॉस 6 कंटेस्टेंट जैस्मिन जाफर ने माफी मांग ली है। उनका कहना है कि गलती अनजाने में हुई और वह किसी को हर्ट नहीं करना चाहती थी।***

बिग बॉस मलयालम सीजन 6 की कंटेस्टेंट जैस्मिन जाफर ने गुरुनायुर मंदिर में वीडियो शूट को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी पर माफी मांग ली है। क्लिप में वह त्रिशूर के गुरुवायुर श्रीकृष्ण मंदिर के पवित्र माने जाने वाले तालाब में पैर धो रही थीं। इस बात पर लोग भड़क गए थे और उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। मंदिर प्रशासन का कहना था कि तालाब को पवित्र माना जाता है और इसका इस्तेमाल पवित्र अनुष्ठानों के लिए ही किया जाता है। पूरे प्रकरण के बाद मंदिर का शुद्धीकरण किया जा रहा है। जैस्मिन ने लिखा है कि वह किसी को हर्ट नहीं करना चाहती थीं और ना ही कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट करना चाहती थीं।

## अवनीत कौर ने पहली बार किया रिएक्ट, विराट कोहली की तस्वीर लाइक करने पर बोलीं



विराट कोहली और अवनीत कौर का मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, अवनीत ने अपनी फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर विराट कोहली से जुड़े सवाल का जवाब दिया है। टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर ने हाल ही में क्रिकेटर विराट कोहली से जुड़े सवाल का जवाब दिया। दरअसल, कुछ महीने पहले विराट ने अवनीत की एक ग्लैमरस तस्वीर को लाइक कर दिया था। उस तस्वीर में अवनीत ग्रीन कलर के क्रॉप टॉप और मिनी स्कर्ट में नजर आ रही थीं। जब यह बात लोगों की नजर में आई तो सोशल मीडिया पर मीम्स, ट्रोलिंग और अफवाहों की बाढ़ आ गई थी। बाद में विराट ने सफाई देते हुए कहा था कि यह इंस्टाग्राम के एल्गोरिदम की वजह से हुआ। अब इस पर अवनीत कौर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**अवनीत का जवाब**-फिल्म लव इन वियतनाम के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जब एक रिपोर्टर ने अवनीत से पूछा कि उनके फोटो को बड़े-बड़े सेलेब्स भी लाइक करते हैं, तो इस पर अवनीत ब्लश करते हुए बोलीं- मिलता रहे प्यार, बस। और क्या बोलूं मैं। याद दिला दें, इस विवाद के बाद अवनीत कौर के फॉलोअर्स में 1 मिलियन का इजाफा हुआ था और उन्हें 12 नए ब्रांड डील्स भी मिले था। इतना ही नहीं, उनकी ब्रांड वैल्यू लगभग 30% बढ़ गई थी।

**फैंस का रिएक्शन और विंबलडन चर्चा**-फैंस को अवनीत का यह पॉजिटिव और स्पोर्टिंग जवाब काफी पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह भी रही कि इस विवाद के बाद विराट और अवनीत दोनों 2025 विंबलडन फाइनल मैच में भी एक साथ नजर आए थे जिसके बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गईं।

डाक पंजीयन संख्या : RJ/JPM/158/2024-26
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन
जयपुर, सोमवार, 1 सितम्बर, 2025

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# बेलगाम जानवर, मजबूर इंसान

देश की राजधानी में ही लगभग 10 लाख आवारा कुत्तों के होने का अनुमान है। कुत्तों के काटने से प्रत्येक वर्ष लगभग छह हजार लोग रेबीज के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि मनुष्य के साथ-साथ जल, थल तथा नभ में जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों, पालतू जानवरों का सृष्टि में अपना महत्व है। वैसे जानवरों की दुनिया में 'कुत्ता समाज' का भी अपना स्थान है। उनके रुतबे के अनुसार उनकी भी बहुत सी श्रेणियां हैं। कुत्ता दुनियाभर के जानवर समाज में एक बड़ा जानवर समूह है। यह कुत्ता समाज सेना से लेकर पुलिस तथा अन्य खुफिया एजेंसियों में अपनी सेवाएं प्रदान करता है। भारतीय सेना में कुत्तों की भी प्लाटून तथा अलग यूनिट होती है। इन्हें मिलिट्री डॉग यूनिट्स या डॉग स्क्वायड भी कहा जाता है। ये कुत्ते सेना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हुए विस्फोटक पदार्थों, ड्रग्स, नशीली दवाओं तथा मादक पदार्थों का गश्त तथा खोज कर पता लगाते हैं। कुत्ते विभिन्न सरकारी विभागों विशेषकर पुलिस और सेना में विभिन्न कार्यों के लिए प्रशिक्षित किए जाते हैं, उन्हें 'के-9 यूनिट' का हिस्सा माना जाता है। कुत्ते युद्ध क्षेत्रों, सीमा क्षेत्रों, संदिग्धों को पकड़ने, अपराध स्थलों की जांच करने तथा अवैध तस्करी आदि को खोजने में एजेंसियों की मदद करते हैं। ये कुत्ते अपनी सूंघने की शक्ति का उपयोग करके विस्फोटक बारूदी सुरंगों तथा अन्य खतरनाक पदार्थों से नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। इन कुत्तों को सेवा काल में उनके विशिष्ट कार्यों के तथा वीरता के लिए विशेष सम्मान तथा अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा कुत्ता प्रेमियों के घरों में इन्हें रहने के लिए विशेष आवास, विशेष गाड़ी, विशेष नौकर, विशेष डाक्टर तथा विशेष आहार तथा इनके खेलने के लिए खिलौनों तक की व्यवस्था तक होती है। इन कुत्तों को शैंपू से नहलाने धुलाने, ड्रायर तथा कंघी करने की विशेष व्यवस्था होती है। खाने की व्यवस्था होती है। ये सब कार्य घर के बच्चों से बूढ़ों तक सब मिलजुल कर, कर लेते हैं। इनके खाने में दूध, मीट, अंडा तथा बिस्कुट बगैरा की विशेष व्यवस्था होती है। घरों में यह विशेष कुत्ता वर्ग ड्राइंग रूम से बैठक तक अलाउड होता है। अनेकों बार तो ये कुत्ते बैड में भी अपने मालिक के साथ रजाई में बैठे रहते हैं। मालिक के टूअर पर जाते समय बच्चों से लेकर बड़ों तक इन कुत्तों के आवश्यक सामान को ले जाने की व्यवस्था करते हैं। तीसरी प्रकार के कुत्ते सामान्य प्रकार के वर्ग में आते हैं। गांवों, खुली सडक़ों, संकरी तथा गंदी नालियों तथा गंदी बस्तियों के आसपास रहते हैं। इनका जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण है। अपना पेट पालने के लिए इनमें लड़ाई-झगड़ा तथा छीना-झपटी होती रहती है। पैदा होने से मरने तक इन कुत्तों पर लोगों द्वारा अत्याचार होते रहते हैं। कभी ये वाहनों के नीचे आ जाते हैं, कभी ईंट, पत्थर की चोट से घायल हो जाते हैं। ये वाकई कुत्ते की मौत मरते हैं। जीवन के संघर्ष, मानवीय उपेक्षा तथा अत्याचारों से ग्रसित ये कुत्ते आक्रोशित तथा चिड़चिड़े होते हैं, इसलिए ये घातक होकर इनसानों को काटने का काम भी करते हैं। ये अनेक बीमारियों का शिकार होते हैं। इनका कोई टीकाकरण नहीं होता। इनके लिए कोई कुत्ताशाला का प्रावधान नहीं होता। इनके प्रजनन पर व्यवस्थाओं तथा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं होता। इनकी नसबंदी नहीं हो पाती, इसलिए इनकी जनसंख्या भी बहुत अधिक होती है। कुछ पशु प्रेमी संगठन कभी-कभी इनके लिए भलाई का कार्य करते हुए मांस आदि के टुकड़े या हड्डियां डाल कर इनका टीकाकरण आदि करते देखे जाते हैं। ये उपेक्षित, अप्रशिक्षित तथा असंस्कारी कुत्ते उग्र रूप धारण करते राह चलते लोगों को काट डालते हैं।


राम गोपाल सैनी

# UEM ने खाटूश्यामजी में करवायी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता

**खाटूश्यामजी (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर/ कोलकाता द्वारा खाटूश्यामजी में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा-2025) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, कृशानु बनर्जी, सुमन चक्रबर्ती आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में रेनबो साइंस अकादमी , फ्रेंड्स चिल्ड्रन अकादमी, पी. एम. श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सी. सी. अकादमी (यूरो किड्स), रींगस, फ्रेंड्स ग्रुप ऑफ एजुकेशन, श्री श्याम विद्यापीठ स्कूल, मदर लैंड पब्लिक स्कूल, आदि सहित आस पास के अधिकतम टॉप स्कूलों से विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/ कोलकाता द्वारा 'रेनबो साइंस अकादमी, खाटूश्यामजी' को अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता- CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चैंपियन स्कूल व 'सी. सी. अकादमी (यूरो किड्स) रींगस' चौमू को उपविजेता स्कूल वर्ष 2025 का ख़िताब देकर पुरस्कृत किया गया।प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/ कोलकाता की और से नकद पुरस्कार के साथ साथ योग्यता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के रविंद्र मांजू, ऋदय बनर्जी, शुभदीप घोष, पिनाकी करमाकर के अलावा एडमिशन विभाग के आशुतोष गौतम, महेश चौधरी, बाबूलाल शर्मा, श्याम प्रताप भी शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# बाबा परशुरामपुरी की पालकी यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम उदयपुरिया में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 बाबा परशुरामपुरी जी महाराज के विशाल मेले के अन्तर्गत श्री साईराम यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सप्तम विशाल पालकी यात्रा का पोस्टर विमोचन श्री परशुराम जी मंदिर महंत भगवानपुरी महाराज एवं श्री साई मंदिर ईटावा महंत रि.कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के कर कमलों से हुआ।यूथ क्लब के कोषाध्यक्ष धर्मवीर कुमावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 सितंबर 2025 को अपरान्ह 3:15 बजे ग्राम इटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर से रवाना होकर विशाल पालकी यात्रा व विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियां मुख्य मार्गो से होती हुई ग्राम उदयपुरिया स्थित परशुराम धाम पहुंचेगी। विमोचन कार्यक्रम में यूथ क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ईटावा, उपाध्यक्ष बबलू कुमावत, रौनक कुमावत, नंदकिशोर शर्मा, दिनेश शर्मा, मोहन शर्मा, सुरेश जाट, पंडित सोमनाथ, सुरेश कुमार जांगिड़, उमेश वर्मा, दिनेश कुमावत, राकेश यादव, संजय यादव, कृष्ण यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** पीएम मोदी 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई Mou एक्सचेंज किए गए।



भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे

समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।